**BACKGROUNDERS**
Press Information Bureau
Government of India

# भारत-यूके सीईटीए

*99 प्रतिशत टैरिफ खत्म, मजबूत द्विपक्षीय व्यापार, समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला*

27 जुलाई, 2025

## मुख्य बातें

- आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए **भारत और यूके ने एक ऐतिहासिक समझौते, सीईटीए** पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते के तहत यूके को भारत के **99 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क समाप्त** हो गया है, जो व्यापार मूल्य का लगभग 100प्रतिशत है।
- समुद्री उत्पादों, वस्त्र, चमड़ा और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर **शुल्क 70 प्रतिशत से घटाकर शून्य** कर दिया गया है।
- **भारतीय कृषि के लिए एक बड़ी जीत**, क्योंकि यूके के बाजार सीमित अपवादों के साथ लगभग सभी भारतीय कृषि निर्यातों के लिए शुल्क मुक्त हो गए हैं।
- सेवा प्रतिबद्धताओं में आईटी, वित्तीय, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य उच्च-मूल्य वाले क्षेत्र शामिल हैं।
- मोबिलिटी के प्रावधान व्यावसायिक आगंतुकों, पेशेवरों और अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित लोगों के लिए प्रवेश को सरल बनाते हैं।
- **यूके संविदात्मक सेवा कोटा के तहत प्रतिवर्ष 1,800 भारतीय रसोइयों, योग प्रशिक्षकों और कलाकारों** को अनुमति देगा।
- दोहरे योगदान समझौते के तहत दोहरी सामाजिक सुरक्षा भुगतान व्यवस्था समाप्त होने से **भारतीय कंपनियों और कर्मचारियों को ₹4,000 करोड़ से अधिक की बचत** होगी।
- उपभोक्ताओं को उत्पादों के व्यापक विकल्प, कम कीमतों और मज़बूत डिजिटल व्यापार सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

## परिचय

भारत और यूनाइटेड किंगडम ने **व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए)** पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एक **द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता** है और उनकी दीर्घकालिक साझेदारी में एक

महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस समझौते पर **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल** और **यूके के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड श्री जोनाथन रेनॉल्ड्स** ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और यूके के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह 6 मई, 2025 को घोषित वार्ताओं के सफल समापन के बाद हुआ है और आर्थिक संबंधों को गहरा करने की दोनों प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की साझा महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। द्विपक्षीय व्यापार पहले ही **56 अरब अमेरिकी डॉलर** तक पहुंच चुका है, जिसे 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य है।

- भारत-यूके द्विपक्षीय वार्षिक व्यापार **56 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- कुल वाणिज्यिक व्यापार **23 बिलियन अमेरिकी डॉलर**

- कुल सेवा व्यापार **33 बिलियन अमेरिकी डॉलर**

सीईटीए, यूके को भारत के **99 प्रतिशत निर्यात को अभूतपूर्व शुल्क-मुक्त पहुंच** प्रदान करता है, जो व्यापार मूल्य का लगभग 100% है। इसमें कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण और खिलौने जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र, साथ ही इंजीनियरिंग सामान, रसायन और ऑटो कंपोनेंट जैसे उच्च-विकास वाले क्षेत्र शामिल हैं। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों और एमएसएमई को सशक्त बनाया जाएगा। इस समझौते में सूचना प्रौद्योगिकी/आईटी सक्षम सेवाओं, वित्तीय और व्यावसायिक सेवाओं, व्यावसायिक परामर्श, शिक्षा, दूरसंचार, वास्तुकला और इंजीनियरिंग को शामिल करते हुए एक व्यापक पैकेज शामिल है जो उच्च-मूल्य के अवसरों और रोजगार सृजन को खोलेगा।

# INDIA-UK FTA INKED

## How India Gains

| Pre-FTA Duty Range | | POST-FTA DUTY |
|---|---|---|
| Processed Food* | Up to 70% | 0% |
| Vegetable Oils* | Up to 20% | |
| Transport / Auto | Up to 18% | |
| Leather / Footwear | Up to 16% | |
| Electrical Machinery | Up to 14% | |
| Headgear / Glass / Ceramics | Up to 12% | |
| Textiles / Clothing | Up to 12% | |
| Wood / Paper | Up to 10% | |
| Base Metals | Up to 10% | |
| Mechanical Machinery | Up to 8% | |
| Minerals | Up to 8% | |
| Chemicals | Up to 8% | |
| Plastic / Rubber | Up to 6% | |
| Instruments / Clocks | Up to 6% | |
| Gems & Jewellery | Up to 4% | |
| Furniture / Sports Goods | Up to 4% | |
| Arms / Ammunition | Up to 2% | |

**Applies to 97.1% of tariff lines***

Source: Ministry of Commerce & Industry

यह समझौता वस्तुओं से आगे बढ़कर सेवाओं पर भी केंद्रित है, जो भारत की अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख ताकत है। भारत ने 2023 में यूके को **19.8 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सेवाओं** का निर्यात किया और सीईटीए ने इसे और बढ़ाने का वादा किया है। यूके द्वारा पहली बार, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, वित्त और शिक्षा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए आवागमन को आसान बनाया जा रहा है, जिसमें सीईटीए संविदात्मक सेवा आपूर्तिकर्ताओं, व्यावसायिक आगंतुकों, अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरणकर्ताओं, स्वतंत्र पेशेवरों (जैसे, योग प्रशिक्षक, रसोइये और संगीतकार) के लिए सुव्यवस्थित प्रवेश प्रदान करता है। एक और बड़ी सफलता दोहरी योगदान संधि (डबल

कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन) है, जो दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान की आवश्यकता को समाप्त करके भारतीय फर्मों और श्रमिकों को 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत कराएगी।

गतिशीलता (मोबिलिटी), नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने वाले उपायों के साथ, सीईटीए से रोजगार सृजन, निर्यात को बढ़ावा मिलने और भारत-यूके आर्थिक लचीलेपन के मजबूत होने की उम्मीद है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री पीयूष गोयल के शब्दों में - "यह एफटीए समावेशी विकास के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा, जिससे किसानों, कारीगरों, श्रमिकों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों को लाभ होगा, साथ ही भारत के मूल हितों की रक्षा होगी और वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की हमारी यात्रा में तेजी आएगी।"

भारत ने अपनी 89.5% टैरिफ लाइनें खोल दी हैं, जो यूके के 91% निर्यात को कवर करती हैं, जिससे संवेदनशील क्षेत्रों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है जहां घरेलू क्षमता का निर्माण किया जा रहा है। शुल्कों को समाप्त करने से आयातित उत्पादों



की एक श्रृंखला उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो जाएगी, जिससे प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अधिक विविधता और गुणवत्ता हासिल होगी।

## समझौते की मुख्य विशेषताएं

भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत के प्रमुख आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए व्यापार और निवेश के नए रास्ते खोलने के लिए बनाया गया है। इसमें टैरिफ में कमी, व्यापार के लिए सरल नियम, सेवाओं के लिए मज़बूत प्रावधान और पेशेवर गतिशीलता को आसान बनाने वाले उपाय शामिल हैं।

### व्यापक टैरिफ उन्मूलन

सीईटीए भारत के लगभग पूरे व्यापार क्षेत्र को कवर करते हुए लगभग **99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों** पर टैरिफ उन्मूलन सुनिश्चित करता है। इसका अर्थ है कि लगभग 100 प्रतिशत भारतीय वस्तुएं जैसे कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, खिलौने, रसायन, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन, कृषि उत्पाद शून्य शुल्क पर यूके के बाजार में प्रवेश करेंगे।

साथ ही, भारत ने अपनी 89.5 प्रतिशत टैरिफ लाइनें खोल दी हैं, जो यूके के 91 प्रतिशत निर्यात को कवर करती हैं। यूके के केवल 24.5 प्रतिशत निर्यात को तत्काल शुल्क मुक्त बाजार पहुंच हासिल होगी। भारत ने डेयरी, अनाज, बाजरा, दालें, कुछ आवश्यक तेल, सेब, कुछ सब्जियाँ, सोना, आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार हीरे जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा की है। रणनीतिक बहिष्करण में महत्वपूर्ण ऊर्जा, ईंधन, समुद्री जहाज, कुछ पॉलिमर, पुराने कपड़े, स्मार्टफोन, ऑप्टिक फाइबर भी शामिल हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए, जहां घरेलू क्षमता का निर्माण किया जा रहा है, भारत 5, 7 या 10 वर्षों में क्रमिक टैरिफ में कमी प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, इसमें मेक इन इंडिया या पीएलआई के तहत आने उत्पाद शामिल हैं। भारत ने धीरे-धीरे और चुनिंदा तरीके से अपने बाज़ारों को मादक पेय पदार्थों के लिए खोल दिया है।

घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अचानक आयात वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए द्विपक्षीय सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

### सरलीकृत रूल्स ऑफ ओरिजिन (मूल स्थान के नियम)

यह समझौता निर्यातकों को उत्पादों के मूल स्थान का स्व-प्रमाणन करने की अनुमति देकर अनुपालन को सरल बनाता है, जिससे समय और कागजी कार्रवाई कम होती है। यूके के आयातक प्रमाणन के लिए आयातकों के ज्ञान पर भी भरोसा कर सकते हैं, जिससे व्यापार और भी आसान हो जाता है। £1,000 से कम की छोटी खेपों के लिए, मूल स्थान संबंधी दस्तावेजों की कोई आवश्यकता नहीं है, जो ई-कॉमर्स और छोटे व्यवसायों के लिए सहायक है। उत्पाद-विशिष्ट मूल नियम (पीएसआर) कपड़ा, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए भारत की वर्तमान आपूर्ति श्रृंखलाओं के अनुरूप हैं।

### सेवाओं और व्यावसायिक गतिशीलता को बढ़ावा

सेवाएं भारतीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख ताकत हैं और यह समझौता आईटी, वित्तीय सेवाओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में गहन बाजार पहुंच प्रदान करता है। यह पेशेवरों के अस्थायी आवागमन के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार करता है। व्यावसायिक आगंतुक, संविदात्मक सेवा आपूर्तिकर्ता और स्वतंत्र पेशेवर अब स्पष्ट और पूर्वानुमेय प्रवेश नियमों के तहत यूके में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इन प्रावधानों के तहत हर साल 1,800 तक भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीतकार यूके में काम कर सकते हैं।

### दोहरी अंशदान संधि

इस समझौते में एक प्रमुख नवाचार दोहरी अंशदान संधि (डीसीसी) है। यह भारतीय श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं को अस्थायी नियुक्ति के दौरान तीन वर्षों तक यूके में सामाजिक सुरक्षा अंशदान का भुगतान करने से छूट देता है। लगभग 75,000 श्रमिकों और 900 से अधिक कंपनियों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी।

## सीईटीए के तहत सेक्टर-वार फायदे

भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलता है। लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर टैरिफ हटा दिए जाने के साथ, भारतीय निर्यातकों को अब कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, समुद्री उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त हो रही है। इससे

न केवल प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है, बल्कि अनुपालन लागत भी कम होती है और यूके के बाजार तक पहुंच में तेजी आती है।

## कृषि एवं संबद्ध वस्तुएं

- **शून्य शुल्क बाजार पहुंच:** कृषि क्षेत्र में 1,437 टैरिफ लाइनें हैं, जो सभी उत्पाद टैरिफ लाइनों का 14.8% है। यह व्यापार संरचना में कृषि की महत्वपूर्ण उपस्थिति को दर्शाता है, जो टैरिफ विनियमन में कृषि-आधारित वस्तुओं की विविधता और महत्व को दर्शाता है। खाद्य प्रसंस्करण में 985 टैरिफ लाइनें हैं और इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 10.1% है।

- भारत से कृषि निर्यात 2022-23 में 45.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था, जो 2020-21 (एपिडा) के 41.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

- कृषि के क्षेत्र में, भारत वैश्विक स्तर पर 36.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात करता है, जबकि यूके 37.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारत से केवल 811 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, जिससे उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों में वृद्धि की संभावना का पता चलता है।

- यूके विशिष्ट भारतीय कृषि उत्पादों जैसे चाय, आम, अंगूर, मसाले, समुद्री उत्पाद आदि के लिए एक उच्च मूल्य वाला बाजार है।

- भारत-यूके सीईटीए भारतीय किसानों को यूके के बाजार में इन उत्पादों के लिए प्रीमियम मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।
- भारत वैश्विक स्तर पर 14.07 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात करता है, जबकि यूके 50.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारतीय उत्पादों का योगदान केवल 309.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- **अगले 3 वर्षों में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में 50% से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद** के साथ, भारत-यूके सीईटीए का भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

- **महत्वपूर्ण बाजार लाभ:** भारत-यूके एफटीए एक बड़ा बदलाव लाएगा और भारतीय उत्पादों को यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, कनाडा, पेरू, वियतनाम जैसे प्रमुख कृषि निर्यातकों के बराबर लाएगा, जिन्हें वर्तमान में शून्य/रियायती शुल्क पहुंच प्राप्त है।
- भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और तेज हुई। यह मुक्त व्यापार समझौता भारत को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रमुख वैश्विक खिलाड़ियों से आगे निकलने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार करेगा:

    - ताजा अंगूर: ब्राजील को पछाड़ते हुए मिस्र और दक्षिण अफ़्रीका जैसे शीर्ष निर्यातकों की बराबरी कर रहे हैं।
    - प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ: अमेरिका, चीन और थाईलैंड से आगे निकल रहे हैं।
    - बेकरी उत्पाद: अमेरिका, चीन, थाईलैंड और वियतनाम से ज़्यादा प्रतिस्पर्धी बन रहे हैं।
    - संरक्षित सब्जियां, फल और मेवे: तुर्की, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और चीन को पीछे छोड़ रहे हैं।
    - ताजा/ठंडी सब्जियां (एनईएस): अमेरिका, ब्राज़ील, थाईलैंड और चीन से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।
    - सॉस और तैयार सॉस: अमेरिका, जापान, थाईलैंड, चीन और मलेशिया के मुकाबले बेहतर स्थिति में हैं।

- महाराष्ट्र (अंगूर, प्याज), गुजरात (मूंगफली, कपास), केरल (मसाले) और पूर्वोत्तर राज्य (बागवानी) जैसे राज्यों को लाभ होगा।

- राज्य-विशिष्ट कृषि-निर्यात योजनाएं (एपीडा) पहले से ही एफटीए लक्ष्यों के अनुरूप हैं, जिससे यूके के बाजार में बेहतर पहुंच से समान क्षेत्रीय लाभ सुनिश्चित हो रहा है।

**बागान क्षेत्र**

---

- **कई गुनी वृद्धि की संभावना:** यूके पहले से ही भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां 1.7% कॉफी, 5.6% चाय और 2.9% मसाला निर्यात होता है - अब इन उत्पादों पर शुल्क मुक्त पहुंच के साथ यह कई गुनी वृद्धि के लिए तैयार है।
- **समान अवसर:** इंस्टेंट कॉफी पर शुल्क-मुक्त पहुंच से भारतीय व्यवसायों को जर्मनी, स्पेन, नीदरलैंड जैसे इंस्टेंट/मूल्य वर्धित कॉफ़ी के अन्य यूरोपीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।
- **मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए मजबूत अवसर:** मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मूल्य वर्धित कॉफी उत्पादों, विशेष रूप से भारतीय इंस्टेंट कॉफी, के यूके को निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली मंच तैयार करेगा।

## भारतीय तिलहन एवं उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद

- **बाजार विस्तार की संभावना:** यूके बाजार भारतीय तिलहन निर्यातकों को व्यापक उपभोक्ता आधार तक पहुंचने और अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने का एक नया अवसर प्रदान कर सकता है।
- **बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता:** कम टैरिफ और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक यूके बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है।

## समुद्री उत्पाद

- भारत ने 2022-23 में 8.09 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें मछली, झींगा और कटलफिश प्रमुख श्रेणियों में शामिल हैं।
- यूके, भारतीय फ्रोजन समुद्री भोजन, विशेष रूप से झींगा और सफेद मछली का एक उच्च-मूल्य वाला उपभोक्ता है, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन की मांग भी है।
- सीईटीए यूके के टैरिफ को समाप्त करता है, जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए मूल्य प्राप्ति में सुधार होता है और उच्च खरीद दरों के माध्यम से तटीय मछुआरों को लाभ मिलता है।

- एमपीईडीए के अनुसार, समुद्री भोजन प्रसंस्करण संयंत्रों में हजारों महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, और यूके के बाजार तक पहुंच बढ़ाने से क्षमता उपयोग दोगुना हो सकता है।
- केरल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और ओडिशा जैसे तटीय राज्यों को निर्यात-आधारित रोजगार सृजन से काफी लाभ होगा।
- **अप्रयुक्त निर्यात अवसर:** यूके के 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर के समुद्री आयात बाजार के बावजूद, भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25% ही बनी हुई है, जो एक महत्वपूर्ण अप्रयुक्त निर्यात अवसर को रेखांकित करता है।
- **विकास उत्प्रेरक के रूप में एफटीए:** भारतीय झींगा पर मौजूदा यूके टैरिफ 4.2 से 8.5% के बीच होने के कारण, एफटीए द्वारा टैरिफ उन्मूलन से विशेष रूप से झींगा, टूना, मछली के भोजन और चारे में तीव्र वृद्धि होने की उम्मीद है।
- **मूल्यवर्धित निर्यात में गति:** अध्याय 03 और 16 (मूल्यवर्धित समुद्री भोजन) के अंतर्गत निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 3.5% बढ़ा। एफटीए उच्च-मूल्य प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण को प्रोत्साहित करता है।

## वस्त्र एवं परिधान

- वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र के लिए **शून्य शुल्क बाजार** पहुंच, पहले के 12% शुल्क से कम है। इसमें 1,143 टैरिफ लाइनें शामिल हैं, जिनका योगदान 11.7% है।
- **शुल्क संबंधी नुकसान को समाप्त करता है:** भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और कंबोडिया की तुलना में शुल्क संबंधी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी यूके के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच थी। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत से वस्त्र आयात पर शुल्क को समाप्त करता है, जिससे हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है।
- वस्त्र एवं परिधान के क्षेत्र में, भले ही यूके का कुल आयात (26.95 अरब अमेरिकी डॉलर) भारत के वैश्विक निर्यात (36.71 अरब अमेरिकी डॉलर) से कम है, लेकिन भारत अभी भी यूके को केवल 1.79 अरब अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति करता है। मुक्त व्यापार समझौते द्वारा शुल्क-मुक्त पहुँच और व्यापार बाधाओं को दूर करने के वादे के साथ, यह क्षेत्र भी अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में है। कुल मिलाकर, आंकड़े निर्यात क्षमता के स्पष्ट अंतर को रेखांकित करते हैं जिसे मुक्त व्यापार समझौता (FTA)

पाटने में मदद कर सकता है, जिससे दुनिया के सबसे आकर्षक आयात बाजारों में से एक में भारत की उपस्थिति बढ़ेगी।

- **तेजी से विकास की ओर अग्रसर क्षेत्र:** इसमें ग्रामीण वस्त्र, गृह वस्त्र, कालीन और हस्तशिल्प शामिल हैं, जहाँ शुल्कों को हटाने से तत्काल और पर्याप्त प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त होंगे।
- **रणनीतिक बाजार स्थिति:** यूके के चौथे सबसे बड़े कपड़ा आपूर्तिकर्ता के रूप में, भारत, जिसकी वर्तमान में 6.1% बाज़ार हिस्सेदारी है, अब चीन और बांग्लादेश जैसे प्रमुख देशों के साथ अंतर को आक्रामक रूप से कम करने में सक्षम है।
- तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, भदोही और मुरादाबाद जैसे **उत्पादन केंद्रों** को बढ़ती मांग का लाभ मिलेगा, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## चमड़ा एवं फुटवियर उत्पाद

- भारत से **चमड़ा एवं फुटवियर का कुल निर्यात** 5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्तमान में भारत का यूके को निर्यात 440 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत-यूके सीईटीए ने भारतीय निर्यातकों के लिए 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर का चमड़ा एवं फुटवियर निर्यात बाजार खोल दिया है।
- भारत से यूके को चमड़ा, चमड़ा एवं सिंथेटिक उत्पाद, फर एवं फर उत्पाद, तथा फुटवियर एवं फुटवियर घटकों के निर्यात पर **0% शुल्क** लगाया गया है। इस श्रेणी के उत्पादों पर पहले 16% तक का शुल्क लगता था।
- **अतिरिक्त बाजार हिस्सेदारी:** भारत को 1 से 2 वर्षों के भीतर यूके में कम से कम 5% अतिरिक्त बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद है।
- **प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन:** एफटीए भारत को विशेष रूप से मूल्य-सचेत यूके के खुदरा एवं ब्रांड खंड में वियतनाम, इंडोनेशिया, कंबोडिया, तुर्की और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करने की स्थिति में रखता है।
- **निर्यात में उछाल:** रूढ़िवादी अनुमानों के अनुसार, भारत से यूके को चमड़े के सामान और जूतों का निर्यात 900 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है, जो एक महत्वपूर्ण छलांग है।

- प्रभुत्व का विजन: दीर्घावधि में, भारत इन क्षेत्रों में यूके के शीर्ष तीन आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की अच्छी स्थिति में है।
- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली-एनसीआर जैसे कई राज्यों के निर्माताओं और निर्यातकों को काफी लाभ होगा।

## इंजीनियरिंग सामान

- **शून्य शुल्क बाजार पहुंच:** सूचीबद्ध क्षेत्रों में इंजीनियरिंग सामान क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे ज़्यादा है, जिसमें 1,659 टैरिफ लाइनें हैं, जो कुल टैरिफ़ का 17.0% है। यह दर्शाता है कि इंजीनियरिंग से संबंधित वस्तुओं—मशीनरी, पुर्जे और उपकरण—की एक विस्तृत विविधता टैरिफ़ कवरेज के अंतर्गत आती है, जो औद्योगिक और व्यापारिक गतिशीलता में इसके महत्व को रेखांकित करता है।




- **भारत के इंजीनियरिंग सामानों के लिए यूके का महत्व:** यूके भारत का छठा सबसे बड़ा इंजीनियरिंग निर्यात बाजार है; जो 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 11.7% की वृद्धि के साथ मजबूत व्यापार गति है।
- **इंजीनियरिंग सामान सबसे बड़े अंतरों में से एक को दर्शाते हैं:** भारत का वैश्विक निर्यात 77.79 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जबकि यूके 193.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के ऐसे उत्पादों का आयात करता है, फिर भी भारत से केवल 4.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ही आयात होता है - जो विस्तार की प्रबल संभावना का संकेत देता है।

- **इंजीनियरिंग निर्यात में दोगुना वृद्धि:** एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन (18% तक) के साथ, यूके को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पाँच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है और 2029-30 तक 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच सकता है।
- यह 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इंजीनियरिंग निर्यात को प्राप्त करने के भारत के व्यापक लक्ष्य का प्रत्यक्ष समर्थन करता है, जिससे एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में यूके की स्थिति मजबूत होती है।
- **लौह एवं इस्पात क्षेत्र में एमएसएमई को समर्थन:** शून्य टैरिफ से मूल्य प्रतिस्पर्धा में सुधार और विस्तार को सक्षम करके एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा मिलता है।
- **मशीनरी के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच**: यह विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक स्वचालन जैसे क्षेत्रों में यूके की उन्नत विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखलाओं में एमएसएमई के गहन एकीकरण को सुगम बनाता है।
- **एयरोस्पेस और रक्षा को बढ़ावा:** पूर्ण उदारीकरण निर्यात और "मेक इन इंडिया" पहल का समर्थन करता है।
- **स्वस्थ विकास अनुमान:** इलेक्ट्रिक मशीनरी, ऑटो पार्ट्स, औद्योगिक उपकरण और निर्माण मशीनरी जैसे प्रमुख इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में 12-20% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) की दर से वृद्धि का अनुमान है।
- **लक्ष्य प्राप्ति हेतु उत्प्रेरक:** यह एफटीए 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात में 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त करने के भारत के व्यापक लक्ष्य का समर्थन करता है, जिससे यूके की एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थिति मजबूत होती है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर

- **इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात नई ऊंचाइयों को छुएगा:** शून्य-शुल्क पहुंच से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही इससे स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर यूके के बाजार में भारत की पकड़ मजबूत होगी।
- **मजबूत सॉफ्टवेयर सेवाओं में वृद्धि:** सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए यूके की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं नए बाजारों को खोल देंगी, रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगी और भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाएंगी; 15-20% वार्षिक वृद्धि का अनुमान (वर्तमान: 2024-25 में 32 अरब अमेरिकी डॉलर)।

- **डिजिटल अर्थव्यवस्था का बढ़ता लक्ष्य:** सॉफ़्टवेयर विकास और नेटवर्क अवसंरचना के लिए प्रतिस्पर्धी पहुँच से डिजिटल व्यापार में वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार निर्यात

- **भारत का चौथा सबसे बड़ा निर्यात बाजार;** 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 25% की वृद्धि। कैलेंडर वर्ष 2024 में, भारत का वैश्विक निर्यात 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर (यूके 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) होगा। यूके का कुल आयात 78 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगा।
- पहले दिन से ही यूके की शुल्क मुक्त पहुंच भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स, विशेष रूप से टीवी, मॉनिटर, दूरसंचार उपकरण, इन्वर्टर के लिए **पर्याप्त निर्यात अवसर** खोलती है। हमारे प्रमुख प्रतिस्पर्धी चीन और अमेरिका हैं।
- इसमें भारतीय अनुरूपता **मूल्यांकन निकायों को मान्यता देने के प्रावधान** शामिल हैं, जिससे भारत में परीक्षण किए गए इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार उत्पादों को यूके में स्वीकार किया जा सकेगा।
- **निर्यात पांच वर्षों में दोगुना होकर** 2030 तक 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।
- **राज्यों को लाभ:** तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात आयात, भारत ने स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच और दूरसंचार उपकरणों जैसे उच्च-मात्रा वाले घरेलू उत्पादों को टैरिफ उन्मूलन से बाहर रखकर रणनीतिक रूप से संरक्षित किया है। भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए बैटरी पार्ट्स जैसे प्रमुख मध्यवर्ती इनपुट को उदार बनाया गया है

## फार्मास्यूटिकल्स

- **शून्य शुल्क बाजार पहुंच:** फार्मा क्षेत्र में केवल 56 टैरिफ लाइनें हैं, जो कुल टैरिफ लाइनों का केवल 0.6% है। टैरिफ लाइनों के संदर्भ में अपेक्षाकृत कम प्रतिनिधित्व के

बावजूद, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र, विशेष रूप से वैश्विक व्यापार में, उच्च मूल्य और रणनीतिक महत्व रखता है।

- **फार्मास्यूटिकल्स एक और उच्च-संभावित क्षेत्र प्रस्तुत करता है:** भारत वैश्विक स्तर पर 23.31 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात करता है और यूके लगभग 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारतीय फार्मा का योगदान 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम है, जो विकास की पर्याप्त संभावना दर्शाता है।
- **जेनेरिक दवाओं को फायदा होगा:** एफटीए के तहत शून्य शुल्क प्रावधानों से यूके के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो यूरोप में भारत का सबसे बड़ा फार्मास्युटिकल निर्यात गंतव्य बना हुआ है।
- **शुल्क के बंधन से मुक्त चिकित्सा उपकरण:** सर्जिकल उपकरण, डायग्नोस्टिक उपकरण, ईसीजी मशीन, एक्स-रे सिस्टम जैसे चिकित्सा उपकरणों के एक बड़े हिस्से पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इससे भारतीय चिकित्सा-तकनीक कंपनियों की लागत कम होगी और उनके उत्पाद यूके के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।
- **रणनीतिक बाजार स्थिति:** ब्रेक्सिट और कोविड-19 के बाद यूके द्वारा चीनी आयात पर निर्भरता से हटने के मद्देनजर, भारतीय निर्माता विशेष रूप से चिकित्सा उपकरणों के लिए शून्य-शुल्क मूल्य निर्धारण के साथ एक पसंदीदा, लागत-प्रभावी विकल्प के रूप में उभरने के लिए तैयार हैं।

---

**चिकित्सा उपकरण**

- चिकित्सा उपकरणों और उपकरणों का निर्यात यूके को वर्तमान 2% - 6% टैरिफ स्तर से शून्य टैरिफ पर किया जाएगा, जिससे भारतीय शल्य चिकित्सा और नैदानिक उपकरणों के निर्माताओं को मदद मिलेगी।
- भारत का वैश्विक निर्यात 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत का वर्तमान निर्यात यूके को 37 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- यूके भारतीय चिकित्सा उपकरण निर्माताओं के लिए एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। यूके के चिकित्सा उपकरणों के बाजार का आकार 2024 में 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर

होने का अनुमान है और 7.19% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 2035 तक 69 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

- चीन, ब्राजील, वियतनाम आदि जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों, जो एमएफएन टैरिफ का सामना करते हैं, के सामने बाजार हिस्सेदारी का विस्तार करना और अधिक मूल्य प्रतिस्पर्धी बनना।
- सीईटीए में एक पारस्परिक मान्यता समझौते का ढांचा शामिल है जिसके तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) या भारतीय चिकित्सा उपकरण प्रमाणन (आईसीएमईडी) द्वारा प्रमाणित चिकित्सा उपकरण यूके के बाजारों में अधिक स्वतंत्र रूप से पहुंच सकते हैं।

**रसायन**

---

- **शून्य शुल्क बाजार पहुंच:** 1,206 टैरिफ लाइनों के साथ, रसायन और संबद्ध क्षेत्र कुल आयात में 12.4% का योगदान देता है। इसमें उर्वरक, औद्योगिक रसायन और पेट्रोकेमिकल जैसे उत्पाद शामिल हैं, जो व्यापार वर्गीकरण और नीति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।
- **अवसर:** शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय निर्यातकों के लिए यूके के 28.35 अरब अमेरिकी डॉलर के रसायन बाजार के द्वार खोलती है।
- **प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त:** 2024 में, यूके के रासायनिक आयात के मुख्य स्रोत अमेरिका, चीन, जर्मनी और फ्रांस थे। पूर्ण और तत्काल टैरिफ उन्मूलन के साथ, सीईटीए भारत को एक प्रतिस्पर्धी, विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता और मौजूदा स्रोतों के लिए एक मज़बूत विकल्प के रूप में स्थापित करता है।




- **भारतीय निर्यातकों को बढ़ावा:** अकार्बनिक रसायनों, कार्बनिक रसायनों, कृषि रसायनों आदि पर तत्काल और पूर्ण टैरिफ उन्मूलन से यूके के बाजार में इन भारतीय रासायनिक उत्पादों की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।
- **अनुमानित निर्यात वृद्धि:** भारत-यूके सीईटीए से यूके को भारत के रासायनिक निर्यात में लगभग 30%-40% की वृद्धि होने का अनुमान है (वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 650-750 मिलियन अमेरिकी डॉलर)।

**प्लास्टिक**

- **उल्लेखनीय निर्यात क्षमता:** यूके में 13वें सबसे बड़े प्लास्टिक आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की वर्तमान स्थिति के साथ, शुल्क मुक्त पहुंच, यूके में प्लास्टिक—फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर—की मजबूत मांग को पूरा करने का अवसर प्रदान करती है- ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने अपनी विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का यूके को निर्यात लगभग 0.509 अरब अमेरिकी डॉलर था, जिसमें लचीले मध्यवर्ती थोक कंटेनर (एफआईबीसी); ऑप्टिकल फाइबर, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल; बोरे और थैले; सजावटी लेमिनेट और प्लेट, शीट, फिल्म, फ़ॉइल और स्ट्रिप आदिप्रमुख उत्पाद शामिल थे।
- सीईटीए के तहत बढ़ी हुई शुल्क मुक्त पहुंच के साथ **निर्यात में और वृद्धि होने की उम्मीद** है और अगले 3 वर्षों में इसके लगभग 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
- **प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त:** शुल्क मुक्त पहुंच भारत को यूके के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाती है।
- **बढ़ी हुई व्यावसायिक अपील:** कम पहुंच लागत से यूके के खुदरा और वितरण चैनलों में भारतीय वस्तुओं की व्यावसायिक अपील बढ़ने की उम्मीद है।

## खेल सामान और खिलौने

- **निर्यात बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर:** अनुमानित वृद्धि दर 15% है और कैलेंडर वर्ष 2030 के लिए अगले 5 वर्षों का लक्ष्य 186.97 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। सॉकर बॉल, क्रिकेट गियर, रग्बी बॉल और गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का निर्यात बढ़ने की उम्मीद है।
- **एफटीए से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त:** भारतीय खेल सामग्री और खिलौनों को यूके के आयात शुल्क समाप्त होने से लाभ होगा, जिससे वे चीन या वियतनाम जैसे देशों की तुलना में अधिक मूल्य-प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे, जिनके यूके के साथ ऐसे एफटीए नहीं हैं।
- **यूके के सुरक्षा मानकों के साथ बेहतर तालमेल:** यूके और यूरोपीय संघ के मानकों के अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे खरीदारों का विश्वास और आपसी सहयोग बढ़ेगा।

## इस्पात और लौह एवं इस्पात उत्पाद

- लौह एवं इस्पात उत्पादों के लिए तत्काल और पूर्ण टैरिफ उन्मूलन (शून्य टैरिफ)- जहां पहले टैरिफ 10% तक था- से भारत का लौह क्षेत्र, विशेष रूप से इसका एमएसएमई का बड़ा आधार महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित होगा।
- 2024 में यूके का इस्पात बाजार लगभग 32.13 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था, और 2033 तक 42.74 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
- **टैरिफ उन्मूलन लाभ:** यूके की पेशकश के तहत अब दोनों श्रेणियों पर 0% टैरिफ लागू है। इससे समान अवसर पैदा होते हैं और भारतीय निर्यातकों के लिए मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता का द्वार खुलता है।
- **निर्यात क्षमता बनाम यूके की मांग:** इन श्रेणियों के लिए यूके की संयुक्त आयात मांग 18.46 बिलियन डॉलर है। भारत वर्तमान में केवल 887 मिलियन डॉलर की आपूर्ति करता है, जो यूके की कुल आयात मांग का लगभग 4.8% है। यूके के आयात हिस्से का 30-40% हिस्सा हासिल करने से भी निर्यात 7.5 अरब डॉलर के लक्ष्य के करीब पहुंच सकता है।
- **भारत की वैश्विक निर्यात क्षमता:** भारत इन श्रेणियों में वैश्विक स्तर पर 22.36 अरब डॉलर का निर्यात करता है। वैश्विक निर्यात का केवल 33% यूके को पुनर्निर्देशित करने से यह लक्ष्य पूरा हो सकता है।

## रत्न एवं आभूषण

- शुल्क लगभग 4% से घटाकर 0% कर दिया गया
- **विशाल बाजार संभावनाओं का द्वार:** भारत का यूके को कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 941 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें से 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर आभूषणों से आता है। एफटीए से एक विशाल बाजार का द्वार खुलता है क्योंकि यूके सालाना लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के आभूषणों का आयात करता है।

- **निर्यात को बढ़ावा:** एफटीए के तहत शुल्क में छूट से अगले 2-3 वर्षों में यूके को भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात में दोगुना वृद्धि होने का अनुमान है।
- **आजीविका और शिल्प कौशल को बढ़ावा:** व्यापार को बढ़ावा मिलने से भारत के डिजाइन, विनिर्माण और कारीगरी क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे और पारंपरिक शिल्प कौशल को बल मिलेगा, जिससे समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## सेवा क्षेत्र में लाभ

सेवा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है, जो सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का 55 प्रतिशत है, जबकि यूके के सेवा क्षेत्र का योगदान 81 प्रतिशत है। भारत का व्यापार अधिशेष लगभग 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर है, जिसमें यूके के साथ निर्यात 19.8 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 13.2 अरब अमेरिकी डॉलर है। यूके ने 137 उप-क्षेत्रों में व्यापक और गहन बाजार पहुंच प्रदान की है। सर्वश्रेष्ठ एफटीए प्लस: भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए), यूके द्वारा हस्ताक्षरित किसी भी एफटीए में सबसे महत्वाकांक्षी सेवा व्यापार पैकेजों में से एक है, जो व्यवसायों और पेशेवरों के लिए बड़े अवसर खोलता है।

### व्यापक बाजार पहुंच

भारत ने यूके से व्यापक प्रतिबद्धताएं प्राप्त की हैं, जो सभी 12 प्रमुख सेवा क्षेत्रों और 137 उप-क्षेत्रों को कवर करती हैं, जो भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इनमें आईटी और आईटी-सक्षम सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, व्यावसायिक सेवाएं (लेखा, इंजीनियरिंग और प्रबंधन परामर्श), दूरसंचार और विमानन सहायता सेवाएं जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

डिजिटल रूप से प्रदान की जाने वाली सेवाओं में यूके की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं निम्नलिखित को सक्षम करेंगी:-

● आईटी और व्यावसायिक सेवाओं में निरंतर मजबूत वृद्धि के कारण यूके के आयात में हिस्सेदारी (14 अरब अमेरिकी डॉलर से) बढ़कर लगभग 200 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई।

• भारतीय स्टार्ट-अप कम अनुपालन बाधाओं के साथ यूके के बाज़ार में प्रवेश करेंगे और व्यापक ग्राहक आधार को आकर्षित करेंगे।

• यूके-मुख्यालय वाले व्यवसायों को सेवा प्रदान करने वाले जीसीसी के विस्तार का समर्थन करेंगे।

